Title: Need for excavation by Archaeological Survey of India at Awantikapuri in Azamgarh district of U.P. − laid.

डा. बलिराम (लालगंज) : मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान उत्तर प्रदेश के जनपद आजमगढ़ में स्थित रानी की सराय विकास खण्ड के गांव आंवक (अवन्तिकापुरी) की ओर दिलाना चाहता हूं, जहां पुरातत्व विभाग द्वारा जून 2000 में खुदाई के दौरान 10वीं व 11वीं शताब्दी में प्रचलित बताए जाने वाले चांदी के सिक्के और गुप्तकाल के दौरान भवन निर्माण में प्रयोग की गई ईंटे प्राप्त हो चुकी हैं।

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के पुरातत्व विदों के मतानुसार टीले के दर नव-निर्मित मंदिर के नीचे गुप्तकालीन भव्य एवम् विशाल मंदिर का ढांचा दबा हुआ है। मंदिर के सामने जनमेजय के नाम यज्ञ कुण्ड के रूप में प्रसिद्ध विशाल जलाशय की दीवारों में प्रयुक्त ईंटों के आधार पर इसे कुाण-काल का बताया। मंदिर से 35 मीटर उत्तर एक दीवार मिली जो दो मीटर चौड़ी है। इसे भी कुाण काल का बताया। 6-7 स्प्रिंकलर के टुकड़े एवम् कुाण काल की मिट्टी की एक मुहर मिली जो राजभवन होने का संकेत देते हैं। आंवक में सिरसाल में स्थित कोटिया नामक दो स्थल हैं जो किसी काल में यहां किसी शासक का किला होने का परिचायक है। दोनों का निर्माण-काल एक ही है।

अतः मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि आजमगढ़ जनपद में रानी की सराय विकास खंड के आंवक गांव में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग द्वारा उत्खनन करवाने व पर्यटक स्थल के रूप में विकसित कराने व अवन्तिकापुरी नाम रखने की तत्काल व्यवस्था करें।